तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **महेन्द्र सिंह बनाम लो.सू.अ. (तहसीलदार, लूणी)** सू.अ.अ. अपील संख्या 309/2022	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
17-10-2022	अपीलार्थी महेन्द्र सिंह पुत्र शेर सिंह निवासी रामेदवरा का बास, सर, तहसील लूणी, जिला जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना-पत्र दिनांक 27.06.2022 में (1) तहसील कार्यालय लूणी में दिनांक 01.03.2018 से सूचना देने की दिनांक तक सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत प्राप्त आवेदनों की संख्या की प्रमाणित प्रतिलिपि (2) अन्य बिन्दूओं से संबंधित सूचना के लिए ,लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, लूणी) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार, लूणी) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार, लूणी) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, लूणी) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जाय। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	